छठ घाटों से संपर्क मार्गों तक चाक-चौबंद रहेगी सुरक्षा

प्रशासन की तैयारी पूरी

पटना (आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर पटना जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। चार दिवसीय महापर्व के दौरान व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए घाटों से लेकर संपर्क मार्गों तक व्यापक इंतजाम किए गए हैं। घाटों पर बैरिकेडिंग, रोशनी, चिकित्सा सुविधा और आपदा प्रबंधन की व्यवस्था की गई है। वहीं, भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार, जिलाधिकारी कुंदन कुमार और वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा लगातार विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। निरीक्षण के दौरान सामने आ रही कमियों को तत्काल दूर करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया जा रहा है। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों



में लगातार भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करने को कहा गया है। नदी और तालाबों में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सभी घाटों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग की गई है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें प्रशिक्षित गोताखोरों के साथ मुस्तैद रहेंगी। घाटों पर मेडिकल टीम को आवश्यक दवाओं और चिकित्सा उपकरणों के साथ तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। खास बात यह है कि सर्पदंश की आशंका को देखते हुए चिकित्सा दलों के पास पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम भी उपलब्ध रहेगा, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल उपचार मिल सके। घाटों के साथ वहां तक पहुंचने वाले प्रमुख संपर्क मार्गों पर भी पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई है। संध्या और सुबह के अर्घ्य के दौरान श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो, इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में रोशनी बनाए रखने के लिए जनरेटर को भी चालू हालत में रखने का निर्देश दिया गया है। छठ के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए विस्तृत यातायात रूट प्लान तैयार किया गया है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को इसका सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन का जोर है कि घाटों तक पहुंचने और वापस लौटने के दौरान श्रद्धालुओं को जाम या अन्य किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। आपात स्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष- 0612-2219810, 0612-2219234; पुलिस नियंत्रण कक्ष-112 और 9031825979; पटना सिटी नियंत्रण कक्ष- 0612-2631813; अग्निशमन सेवा- 101; एंबुलेंस-102 और 108 तथा आपदा प्रबंधन-1070 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित सुरक्षा निर्देशों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल नियंत्रण कक्ष को सूचना दें। प्रशासन का लक्ष्य सभी के सहयोग से छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना है।

1400 रुपये घौद बिका केला

(आज समाचार सेवा)

पटना। लोकआस्था का महापर्व छठ पूजा में इस बार फल काफी महंगें बिके हैं। ऐसे में राजधानी के बाजार समिति मुख्य फल मंडी कहा जाता हैं। यहां पर सभी केला, संतरा, गन्ना, नारियल समेत अन्य फलों की कीमतों में जबदस्त बढ़ोतरी देखी गई। इस बार छठ पूजा में सबसे अधिक कीमत केला की रहीं। शनिवार की सुबह में बाजार समिति के मंडी में 1400 रुपये प्रति गौध केला हर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। वहीं, संतरा प्रति किलो 60 रुपये, तो गन्ना 40 रुपये प्रति पीस बिके। वहीं, मार्केट में बात करें तो मंडी से काफी अधिक कीमतों पर फलों की बिक्री हो रही हैं।

बाजार समिति में शनिवार को केला 1400 रुपये प्रति गौध केला बिका। केला के महंगे कीमत ने हर लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। क्योंकि, बाजार समिति में चंद मिनटों में कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिलता हैं। ऐसे में शनिवार की सुबह में केला का दाम आसमान छू रहा था। लेकिन, कुछ घंटों बाद केला की कीमतों पर गिरावट देखने को मिली।



संतरा भी अधिक कीमतों पर बिका : बाजार समिति मंडी में 60 रुपये प्रति किलो संतरा की बिक्री हो रही हैं। कहीं-कहीं तो और भी महंगें बिक रहे थे। जबकि, मार्केट में 100 रुपये प्रतिकिलो संतरा बिक रहे हैं। इस बार छठ पूजा में सभी फले महंगे कीमतों पर बिक रहे हैं।

हर कोई को एक पल सोचने पर मजबूर कर दिया। ग्राहक सस्ते दरों पर खरीदने के लिए कई घंटों तक चक्कर लगाते रहे। लेकिन, सभी जगह अमूमन एक ही रेंट था।

गन्ने की कीमतें रहीं अधिक : इस बार छठ पूजा में गन्ना 50 रुपये प्रति पीस बिक रहे हैं। वहीं, पिछले साल 30 रुपये गन्ना बिके। लेकिन, इस बार गन्ना मार्केट में कम आने से कीमत अधिक रहीं। ग्राहक सस्ते दरों पर लेने के लिए इधर-उधर घूमते नजर आये। लेकिन, सभी जगहों पर एक ही कीमत पर बिक रहे थे। लेकिन, गन्ना जिस कीमत पर बिक रहे थे, उस रेट में हर कोई खरीदते नजर आ रहे थे।

गायब युवक का शव निजी तालाब से बरामद

हाजीपुर (आससे)। बीते 9 और 10 नवंबर की रात जिस युवक को गोली मारकर अपराधियों ने गायब कर दिया था, उसका शव घटनास्थल से डेढ़ किलोमीटर दूर एक निजी तालाब से बरामद कर लिया गया है। साथ ही पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई कार सहित इस हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीन अन्य आरोपी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी शुभांक मिश्रा द्वारा गठित विशेष टीम छापेमारी कर रही है। सबसे खास बात यह है कि इस घटना में शामिल सभी आरोपी मृतक विवेक उर्फ टिंकू के दोस्त हैं। शनिवार को ग्रामीण एसपी सोनू कुमार राय ने बताया कि सराय थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रबोधी गांव में बीते 9 और 10 नवंबर की रात सभी एक बगीचे में जमा हुए थे, जहां आपसी रंजिश में सभी पांचों आरोपियों ने मिलकर टिंकू को गोली मारी और फिर उसे लेकर फरार हो गए। पुलिस और परिजनों को टिंकू की हत्या किए जाने का शक था। ऐसे में जब शनिवार को टिंकू का शव तालाब से बरामद हुआ, तब शक यकीन में बदल गया और यह मामला एक जघन्य हत्याकांड में बदल गया। बता दें कि वारदात के बाद से ही युवक का शव गायब था, जिसके कारण मामले का रहस्य लगातार गहराता जा रहा था। पिछले कई दिनों से सराय थाना की पुलिस लापता युवक की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर खोजबीन कर रही थी। इसी बीच गांव के पोखर में शव मिलने से मामले में नया मोड़ आ गया है।

महापर्व छठ पर 377 घाटों पर एसडीआरएफ एवं एनडीआरएफ की तैनाती

12806 घाटों पर स्थानीय गोताखोर व आपदा मित्रों की प्रतिनियुक्ति

पटना (आससे)। छठ महापर्व के अवसर पर राज्य में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं आपदा से बचाव के लिए माननीय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देशानुसार आपदा प्रबंधन विभाग तथा सभी जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस क्रम में राज्य के विभिन्न छठ घाटों पर किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) तथा राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की तैनाती की गई है। सभी जिला प्रशासन द्वारा राज्य के संवेदनशील 377 घाटों पर, जिसमें 254 छठ घाटों पर एनडीआरएफ तथा 123 छठ घाटों पर एनडीआरएफ की तैनाती की गई है। इसके साथ ही कुल 12806 घाटों पर स्थानीय गोताखोर व आपदा मित्र प्रतिनियुक्त किए गए हैं। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य छठ पर्व के दौरान घाटों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में त्वरित राहत एवं बचाव कार्य संचालित करना है। किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता हेतु आपदा प्रबंधन विभाग स्थित राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) के हेल्पलाइन नंबर- 0612-2294204/205

आपातकालीन सहायता नंबर-1070 पर संपर्क किया जा सकता है।





छठ महापर्व के दूसरे दिन शनिवार को खरना करतीं व्रती।

छठ की रौनक के बीच आत्मनिर्भरता की नयी कहानी लिख रहीं दरभंगा की महिलाएं

पटना (आससे)। पूरे बिहार में मिट्टी के बर्तनों और बांस के सूप से लेकर किराने का सामान और पूजा सामग्री तक के छोटे व्यवसाय चलाने वाले लोग, त्यौहार के सबसे व्यस्त दिनों के लिए जोर शोर से तैयारी में जुटे हैं। दरभंगा की वीणा झा को बांस के सूप और दौरा के लिए इतने अधिक ऑर्डर मिलने की उम्मीद है जिसे पूरा करने उनके पास मौजूद कार्यशील पूंजी कम पड़ सकती है। वीणा को 10000 रुपये के डीजेटी माइक्रोफाइनेंस के एक छोटे टॉप-अप लोन ने पहले से ही जरूरी सामान खरीदने में मदद की है। उन्होंने कहा कि छठ नजदीक आने के कारण मुझे अधिक ग्राहकों के ऑर्डर मिलने की उम्मीद थी, लेकिन कच्चा माल खरीदने और उत्पादन बढ़ाने के लिए मुझे अतिरिक्त पैसों की जरूरत थी। डीजेटी माइक्रोफाइनेंस से मिले टॉप-अप लोन ने मुझे और अधिक ऑर्डर पूरे करने और अतिरिक्त आय अर्जित करने में मदद की। मैं त्यौहार के बाद अपने छोटे व्यवसाय को आगे बढ़ाना चाहती हूं। डीजेटी माइक्रोफाइनेंस, फ्यूजन फाइनेंस और अन्य जैसी गैर बैंकिंग फाइनेंस संस्थाएं कर्ज लेने वालों खासकर महिलाओं को समय पर वित्तीय सहायता देकर उन्हें अधिक आत्मविश्वास प्रदान कर रही हैं ताकि वे छोटे व्यवसाय शुरू कर सकें, अपने मौजूदा व्यवसायों को बढ़ा सकें और अपने परिवारों को सहारा दे सकें। जैसे जैसे बिहार छठ मनाने की तैयारी कर रहा है, महिला उद्यमियों और स्थानीय कारीगरों के प्रयास इस त्यौहार के उत्साह को और बढ़ा रहे हैं। उनका काम, पारंपरिक खान-पान और शिल्प को जीवित रखने में मदद करता है और साथ ही बिहार में सीजनल मांग के सबसे तेज दौर में कई परिवारों को सहारा भी देता है।

गोलीबारी में दो युवकों के पैर में लगी गोली

नवादा। वारिसलीगंज नगर परिषद के कृष्णापुरी मुहल्ला स्थित ठाकुरबाड़ी के पास युवकों के बीच आपसी विवाद के बाद गोलीबारी की घटना हुई, जिसमें गौरक्षणी मुहल्ले के दो युवकों के पैर में गोली लग गयी। इससे दोनों युवक जख्मी हो गये। दोनों को परिजनों द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी लाया गया। वहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद विम्स पावापुरी रेफर किया गया है। इस घटना की सूचना के बाद पकरीबरावां एसडीपीओ सुजय विद्यार्थी तथा थानेदार पंकज कुमार सैनी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया।

जदयू परिवार ने बिहारवासियों को दी छठ महापर्व की बधाई

पटना (आससे)। लोक आस्था के महापर्व छठ के पावन अवसर पर जनता दल (यूनाइटेड), बिहार प्रदेश के कला, संस्कृति एवं खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने जदयू परिवार की ओर से समस्त बिहारवासियों और छठ व्रतियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने भगवान सूर्य और छठी मैया से प्रदेश के हर परिवार के सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की। कृष्णा पटेल ने कहा कि छठ सनातन धर्म की सूर्योपासना परंपरा का महापर्व और बिहार की प्राचीन सभ्यता की जीवंत सांस्कृतिक विरासत है। नहाय-खाय से लेकर उषा अर्घ्य तक व्रतियों का संयम, घरों में गूंजते छठ के लोकगीत और घाटों पर सेवा में जुटे लोग इस विरासत को पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ाते हैं। अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है। घाटों की सफाई से लेकर व्रतियों की सेवा तक, समाज के सभी वर्गों की भागीदारी इस पर्व की समरसता को दर्शाती है। श्री पटेल ने नीतीश कुमार के दो दशकों के सुशासन काल का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि इस दौरान सड़क, पुल-पुलियों और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ महिला सशक्तीकरण और सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने जीविका समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक भागीदारी बढ़ाने को नीतीश कुमार की जनहितैषी सोच का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की समाजवादी विचारधारा में सामाजिक न्याय और जनसेवा का विशेष स्थान है। जनसेवा की यही भावना समाज में आपसी सहयोग और समरसता को मजबूत करती है और बिहार की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को सहेजने में भी मदद करती है।कृष्णा पटेल ने कहा, 'सूर्योपासना के इस पावन अवसर पर भगवान दीनानाथ और छठी मैया से मेरी प्रार्थना है कि वे 'बिहार के लोकनाथ' आदरणीय श्री नीतीश कुमार जी को उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करें। उनका स्नेह और मार्गदर्शन बिहारवासियों को यूँ ही मिलता रहे। छठी मैया की कृपा से हमारा बिहार सुखी और समृद्ध हो।'

वर्गीकृत

AFFIDAVIT

I Parbati Devi W/o Makeshwar Pandey R/o Bishunpur Basdev, Partap Tar Vaishali Bihar-844123 do hereby declare as per aff. no. 1422 da. 14.11.26 that my name is mentioned in Aadhar, Pan Card and Voter Id as Parwati Devi, In my Husband's P,P,O, mentioned as Parbati Devi, Both names are same and one Person From now I shall be Known as Parbati Devi for all future Purposes.

नाम परिवर्तन

मैं, शादत शेख, पिता-मोजीब शेख, निवासी-नाजीरगंज, पो0-मठीला, थाना-कोरान सराय, जिला-बक्सर का निवासी हुँ, शपथ पत्र सं.-**3795,** दिनांक 10.11.2026 के अनुसार **शहादत शेख** के नाम से जाना जाऊँगा।

खोया-पाया

मैं, गौरी शंकर, पिता-स्व0 भागवान दास, निवासी-शहीद गेट डुमराँव, पो0-थाना-डुमराँव, जिला-बक्सर, राज्य, बिहार का स्थायी निवासी हूँ। मेरा आधार सं.-325991453281 है। आज से लगभग दो माह पूर्व घर से बक्सर जाने के क्रम में मेरा बैग बस में छुट गया था काफी खोजबीन किया परन्तु मेरा उक्त बैग मुझे नहीं मिला मेरे बैग में मेरे जमीन का कागज, जिसका खाता सं. 112 खेसरा सं. 411, 412, 413 रकबा 10.1571 डी0 का मूल कागजात था जो कि उक्त बैग के साथ ही खो गया है। **शपथ पत्र सं. 12602, दिनांक 12.10.26.**

खोया-पाया

मैं, मनोज कुमार सिंह, पिता-श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह, निवासी-ग्राम-महेशडीह, थाना-नेमदारगंज, जिला-नवादा में अपने पैतृक गाँव महेशडीह छुटटी पर आया हूँ वहीं पर **DGS COC Renewal Sticker** मुझे भारतीय डाक द्वारा प्राप्त हुआ था, मैं उस दस्तावेज को ग्राम महेशडीह से नेमदारगंज जाने के क्रम में कहीं गिर गया काफी खोजबीन किया लेकिन मेरा कागज नहीं मिल पाया।
INDOS No.-01LL1219, COC.No.-ETO-01452,CDC No.-Mum-92812.
सनहा सं. S.D.E.no-259/26 07/11/26

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक

AFFIDAVIT

I Raj Kumar S/o Satydeo Prasad R/o Ward no. 14, Kataiya Goth, P.O. Kataiya Mahe, P.S. Pipra, Distt. Supaul Bihar do hereby declare as per aff. no. 4773 dt 22.09.26 that Krishna Kumar is my Son whose name is written in his Aadhar Card as Khileshwar Kumar Krishna which is wrong. As per birth certificate his Correct name is Krishna Kumar. Both names are same and one Person. From now he will be known as Krishna Kumar for all Purposes.

नाम परिवर्तन

मैं, पुजा देवी, पति-विनय कुमार, निवासी हजारी मुहल्ला, नुन का चौराहा, थाना-खाजेकलां, पो.-झाऊगंज, पटना सिटी, पटना-800008 बिहार शपथ पत्र सं. 6636 दि. 05.11.26 द्वारा यह घोषणा करती हूं कि मेरे नाबालिग बच्चे सक्षम राज (Saksham Raj) का आधार कार्ड में नाम सक्षम राज (Saksham Raj) दर्ज है। जन्म प्रमाण पत्र में सक्षम राज चौधरी (Saksham Raj Choudhary) दर्ज है। भविष्य में वह सक्षम राज चौधरी (Saksham Raj Choudhary) के नाम से जाना व पहचाना जायेगा।

AFFIDAVIT

I, Ranjit Kumar Mishra, S/o Baidy Nath Mishra, R/o Village+P.O.-Chakhabib, P.S.-Bibhutipur, Distt.-Samastipur, Bihar do hereby declare that my name is mentioned in my son Ayush Anand's educational certificate as Ranjit Kumat Mishra which in wrong. As per Aadhar Card my correct name is Ranjit Kumar Mishra.

शपथ पत्र

मैं, अभिषेक, पिता-ईश्वर चन्द्र गुप्ता, निवासी-306, होली गंगा इन्क्लेभ, फेयर फिल्ड कॉलोनी संत पॉल स्कूल, दीघा, पो.+थाना-दीघा, जिला-पटना, बिहार-800012, शपथ पत्र सं.-535 दि. 13.11.26 द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे वर्तमान रिकार्ड एवं कागजातों में मेरा नाम अभिषेक दर्ज है। भविष्य के लिए अपने नाम में टाइटिल गुप्ता जोड़ कर अब अभिषेक गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाऊंगा।

सरकारी वाहन से 25 कार्टन शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

बेगूसराय(आससे)। जिला अंतर्गत लोहिया नगर थाना क्षेत्र में शराब तस्करी का अनोखा मामला प्रकाश में आया है, बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है, लेकिन शराब तस्कर पुलिस को चकमा देने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। इस बार तस्करों ने शराब की खेप पहुंचाने के लिए भू-अर्जन पदाधिकारी बखरी के नाम लिखी लग्जरी गाड़ी का इस्तेमाल किया। गाड़ी पर डीएसीएलआर बखरी और जिला प्रशासन का बोर्ड लगा था। लेकिन पुलिस की नजरों से तस्कर बच नहीं सके। दरअसल १३ नवंबर २०२६ शुक्रवार की रात लोहियानगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना और तकनीकी सर्विलांस के आधार पर एनएच के समीप कार्रवाई करते हुए बीआर०६ पीए-२६०५ नंबर की गाड़ी से २५ पेटी यानी करीब २१६ लीटर शराब बरामद की। मौके से ड्राइवर प्रशांत कुमार समेत सत्यम कुमार और बिट्टू कुमार को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार ड्राइवर के मुता. बिक शराब की खेप मोकामा से लाई जा रही थी, जिसकी डिलीवरी रजौड़ा में होनी थी। उसने यह भी बताया कि उक्त गाड़ी पहले डीसीएलआर बखरी के यहां किराये पर चलती थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। बड़ा सवाल यह है कि आखिर प्रशासनिक बोर्ड लगी इस गाड़ी का इस्तेमाल शराब तस्करी में कैसे होने लगा?

137 बंदियों ने रखा व्रत

मोतिहारी (आससे)। लोक आस्था, पवित्रता और सूर्य उपासना का महापर्व छठ केंद्रीय कारा, मोतिहारी में भी पूरे श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कारा की चारदीवारी के भीतर इन दिनों छठी मइया के भक्ति गीतों और पारंपरिक पूजा-अर्चना से आध्यात्मिक माहौल बना हुआ है। जेल में निरुद्ध बंदी भी पूरी आस्था और विधि-विधान के साथ इस महापर्व में शामिल होकर भगवान भास्कर एवं छठी मइया की आराधना कर रहे हैं।बंदियों की धार्मिक आस्था और सुविधा को ध्यान में रखते हुए कारा प्रशासन की ओर से जेल परिसर के अंदर ही कृत्रिम छठ घाट का निर्माण कराया गया है। घाट की साफ-सफाई, पूजा सामग्री, पेयजल, प्रकाश और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, ताकि व्रत करने वाले बंदियों को पूजा-अर्चना और भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इसी क्रम में पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने केंद्रीय कारा, मोतिहारी पहुंचकर छठ महापर्व को लेकर की गई तैयारियों और व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारा परिसर में निर्मित कृत्रिम छठ घाट, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था तथा छठ व्रती बंदियों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का अवलोकन किया। अधिकारियों ने कारा अधीक्षक एवं संबंधित पदाधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।इस अवसर पर कारा अधीक्षक ने बताया कि इस वर्ष केंद्रीय कारा, मोतिहारी में कुल 137 बंदियों द्वारा छठ महापर्व का व्रत किया जा रहा है। इनमें 75 महिला एवं 62 पुरुष बंदी शामिल हैं। इतनी बड़ी संख्या में बंदियों द्वारा छठ व्रत किया जाना जेल परिसर में धार्मिक आस्था और परंपराओं के प्रति उनकी गहरी श्रद्धा को दर्शाता है।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने कारा प्रशासन को निर्देश दिया कि छठ महापर्व के दौरान स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, पर्याप्त प्रकाश, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी छठ व्रतियों को निर्बाध रूप से पूजा-अर्चना करने और अस्ताचलगामी एवं उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने की सुविधा मिले। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।डीएम एवं एसपी ने कारा प्रशासन द्वारा बंदियों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि जेल में भी बंदियों को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के पालन का अवसर मिलना सकारात्मक पहल है। इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन बंदियों के भीतर सकारात्मक सोच, आत्मिक शांति और सामाजिक मूल्यों को मजबूत करने में सहायक होते हैं।इससे उनके मानसिक एवं नैतिक सुधार के साथ-साथ समाज की मुख्यधारा में पुनर्वास की भावना को भी प्रोत्साहन मिलता है।केंद्रीय कारा परिसर में छठ महापर्व को लेकर बने भक्तिमय वातावरण ने यह संदेश दिया है कि आस्था और श्रद्धा की कोई सीमा नहीं होती। परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, लोक आस्था का यह महापर्व लोगों को अनुशासन, पवित्रता, समर्पण और सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है।

गुजरात से छठ में घर आये युवक की गला रेतकर हत्या

रात आठ बजे फोन कर घर से बुलाया, सुबह खून से लथपथ मिला शव

समस्तीपुर (आससे)। पटोरी थाना क्षेत्र के इनायतपुर धमौन गांव में एक 18 वर्षीय युवक की गला रेतकर निर्मम हत्या किए जाने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान गांव निवासी राजनीति राय के बड़े पुत्र दीपक कुमार के रूप में की गई है। शनिवार की सुबह उसका शव गांव के समीप स्थित लाला गाछी से बरामद किया गया। युवक की हत्या चाकू से गला रेतकर की गई थी। उसके शरीर के कई हिस्सों पर भी चाकू से किए गए गहरे जख्म के निशान मिले हैं। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के लोग घटनास्थल पर जुट गए।

सूचना मिलने पर पटोरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डीएसपी वीरेंद्र कुमार मेधावी एवं थानाध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल की टीम और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार दीपक कुमार गुजरात स्थित एक निजी फैक्ट्री में मजदूरी करता था। वह छठ महापर्व मनाने के लिए करीब दस दिन पहले ही अपने गांव आया था। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात करीब आठ बजे उसके मोबाइल पर कुछ लोगों का फोन आया। फोन आने के बाद वह बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गया। देर रात तक जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजन चिंतित हो गए। परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन रात में उसका कोई पता नहीं चल सका।शनिवार की सुबह गांव के समीप लाला गाछी में कुछ लोगों ने एक युवक का शव पड़ा देखा। इसकी सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। शव की पहचान दीपक कुमार के रूप में होते ही परिवार में कोहराम मच गया। देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।घटनास्थल की स्थिति हत्या की निर्ममता को बयां कर रही थी। युवक का गला चाकू से रेता गया था तथा शरीर के कई हिस्सों पर चाकू से वार किए जाने के गहरे निशान थे। घटनास्थल के आसपास कई जगह खून बिखरा हुआ मिला। वहीं, पुलिस को मौके से एक अज्ञात व्यक्ति का चप्पल भी बरामद हुआ है। मृतक का मोबाइल फोन भी गायब बताया जा रहा है। पुलिस मोबाइल की बरामदगी के प्रयास में जुटी है। घटनास्थल से मिले चप्पल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर भी जांच की जा रही है। पुलिस एवं पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दीपक नशे का आदी था और गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों का सेवन करता था। उसकी संगति को लेकर भी परिवार और ग्रामीणों के बीच चर्चा है। जिस स्थान से उसका शव बरामद हुआ है, वहां कथित तौर पर जुआरियों और नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता था। पूर्व में भी उसके नशे से जुड़ी कुछ घटनाओं में संलिप्त रहने की बात सामने आई है। हालांकि, हत्या के वास्तविक कारणों का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस इस पहलू सहित अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।मामले की तह तक पहुंचने के लिए पुलिस ने संदेह के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

S.K.M.R.D.B. INTER COLLEGE
Bhalui, Vaishali, Code-33409/33039

पत्रांक-22 दिनांक 13.11.26

(बिहार विद्यालय परीक्षा समिति उच्चतर माध्यमिक द्वारा अनुशंसित)

नियुक्ति विज्ञप्ति संख्या-01

निम्नलिखित पदों पर अस्थायी बहाली के लिए आवेदन आमंत्रित हैं- शिक्षक/व्याख्याता :- जन्तु विज्ञान एक पद, वनस्पति विज्ञान-एक, रसायन विज्ञान-एक, हिन्दी प्रथम एवं द्वितीय, उर्दू-एक, तर्कशास्त्र एक, समाज शास्त्र-एक, इतिहास द्वितीय पद-एक, संगीत-एक, कम्प्यूटर साइंस-एक, कुल पद-11, शिक्षकेत्तरकर्मी :- पुस्तकालय अध्यक्ष-एक पद, कार्यालय सहायक-चार पद, आदेशपाल-पांच, कुल-(10 पद), योग्यता: शिक्षक/व्याख्याता पदों के लिए उक्त विषय में स्नातकोत्तर पचपन प्रतिशत अंक के साथ पास होना अनिवार्य है। साथ ही साथ बी.एड/एमएड/कम्प्यूटर साइंस के लिए MCA पास होना चाहिए। पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए B.LIS अथवा M.LIS अनिवार्य। कार्यालय सहायक के लिए स्नातक अनिवार्य तथा आदेशपाल के लिए इन्टर पास होना अनिवार्य है।

नोट : उपरोक्त सभी पदों के लिए आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ आवेदन विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अन्दर महाविद्यालय में स्वयं अथवा प्राचार्य के पास जमा किया जा सकता है। साक्षात्कार में उपस्थित होने के बाद कोई यात्रा भत्ता देय नहीं है। किसी भी जानकारी के लिए प्राचार्य के मोबाइल नंबर 9801102893 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्राचार्य